लोगों को संस्कृति और विरासत से जोड़ती है हरियाणा की भूमि: कंवर पाल

● ज्योतिसर में विश्व स्तरीय डिजीटल म्यूजियम किया जा रहा है स्थापित

सवेरा ब्यूरो

चंडीगढ़, 21 सितंबर : हरियाणा एक ऐसी भूमि है, जो लोगों को अध्यात्मिक और धार्मिक दृष्टि से आकर्षित कर हमारी संस्कृति व विरासत से जोड़ती है। प्रदेश में पर्यटन क्षेत्र में पिछले कुछ वर्षों में बढ़ोतरी हुई है। हरियाणा सरकार ज्योतिसर कुरुक्षेत्र में महाभारत पर आधारित एक विश्व स्तरीय डिजीटल म्यूजियम 200 करोड़ से स्थापित कर रही है, जो लोगो के लिए विश्व स्तरीय पर्यटन का आकर्षण केंद्र होगा। हरियाणा के पर्यटन मंत्री कंवर पाल ने यह बात धर्मशाला में आयोजित पर्यटन मंत्रियों की नेशनल कांफ्रेंस के दौरान कही। पर्यटन मंत्री ने कहा कि ज्योतिसर में बन रहे डिजीटल म्यूजियम में महाभारत के सारे युद्ध को दिखाया जाएगा। हरियाणा पर्यटन के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य कर रहा है और ज्योतिसर सहित विभिन्न पर्यटन स्थानों पर काम चल रहा है। इन सभी कार्यों के पूरा होने से प्रदेश में पर्यटन को ओर अधिक बढ़ावा मिलेगा।

ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे है प्रयास

कंवर पाल ने कहा कि हरियाणा पर्यटन विभाग द्वारा विभिन्न क्षेत्रों जैसे तीर्थ यात्रा, वन्यजीव, हेरिटेज, सांस्कृतिक एवं ऐडवेन्चर टूरिज्म में तेजी से विकसित हो रहा है। ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न प्रयास किए जा रहे है। प्रदेश में होम स्टे पॉलिसी तैयारी की गई है। जिसके तहत चार जिलों झज्जर, पंचकूला, गुरुग्राम और कुरुक्षेत्र में होम स्टे क्लस्टर में विभाजित किए गए हैं ।

कंवरपाल

केंद्र के साथ मिलकर पर्यटन क्षेत्र में कर रहे है काम

कंवर पाल ने कहा कि सरकार पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कटिबद्ध है। जिस पर केंद्र के साथ मिलकर इस क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर पर्यटन मंत्री ने हिमाचल सरकार द्वारा बनाई गई होम स्टे पॉलिसी के तहत धर्मशाला में स्थानीय लोगों से उनसे बातचीत करके उनके द्वारा बनाए गए होम स्टे का अवलोकन भी किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पिछले कुछ दिनों में तीर्थ स्थल ज्योतिसर में भगवान श्रीकृष्ण के विराट स्वरूप की मूर्ति का अनावरण किया गया था और शीघ्र ही इस स्थान पर थ्री-डी प्रोजेक्शन मैपिंग शो भी लोगो को देखने को मिलेगा। इसके लिए अत्याधुनिक तकनीक जैसे ऑगमेंटेड रियलिटी, होलोग्राफिक इमेज, रोबोटिक और ड्रोन का इस्तेमाल किया जाएगा।

जनकल्याण के लिए पीएम की सामूहिक रूप से सरकार के संचालन की सोच हो रही साकार : तोमर

● नई पहल कृषि और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के लिए फायदेमंद व प्रेरणादायी : पारस

सवेरा न्यूज

नई दिल्ली, 21 सितंबर : कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय की कृषि अवसंरचना कोष योजना और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय की प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना एवं प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना के बीच अभिसरण (कन्वर्जेंस) मॉड्यूल का शुभारंभ केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर और पशुपति कुमार पारस ने आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत किया। इस अवसर पर तोमर ने कहा कि इस तरह की पहल के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जनकल्याण के लिए सामूहिक रूप से सरकार का संचालन करने की सोच साकार हो रही है। इससे देश के विभिन्न वर्गों को फायदा होगा, जिनमें किसान और प्रसंस्करण क्षेत्र के लघु उद्यमी भी शामिल हैं। पारस ने कहा कि यह नई पहल कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के लिए फायदेमंद और प्रेरणादायी है।

कार्यक्र म में तोमर ने कहा कि प्रधानमंत्री की भावना के अनुरूप, सरकार की योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से विभिन्न मंत्रालयों में सहकार-सहयोग के माध्यम से कन्वर्जेंस मॉड्यूल की शुरूआत की गई है। मोदी का कहना रहा है कि सभी मंत्रालय एक-दूसरे के साथ मिलकर काम करें और एकांगी नहीं सोचें, ताकि लोगों को विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल सकें। इस पहल के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत अभियान को मूर्त रूप देने में योगदान होगा, जनकल्याण के प्रकल्प आगे बढ़ा सकेंगे तथा छोटे लोगों की ताकत बढ़ाकर देश के नवनिर्माण में योगदान दे सकेंगे।तोमर ने कहा कि कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय तथा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से किसानों व उद्यमियों को निरंतर लाभ हो रहा है, वहीं रोजगार के अवसर भी बढ़े हैं। प्रधानमंत्री की पहल के कारण गत 8 वर्षों में अनेक योजनाओं का सृजन हुआ है। देश का सौभाग्य है कि मोदी जैसे दूरदृष्टि वाले अनुभवी प्रधानमंत्री हमें मिले हैं। उनकी लगातार यह कोशिश रहती है कि कमजोर तबके की ताकत कैसे बढ़े और विभिन्न क्षेत्रों में जो गैप लंबे समय से रही, उसे कैसे भरा जाकर लोगों को फायदा पहुंचाया जाएं। इस दृष्टि से, कोविड के समय कृषि क्षेत्र की उपलब्धियों के कारण देश को काफी लाभ हुआ। तब प्रधानमंत्री ने वोकल फार लोकल तथा आत्मनिर्भर भारत अभियान की बातें कहीं तथा एक लाख करोड़ रु. के कृषि इंफ्रा फंड सहित कृषि से सम्बद्ध क्षेत्रों के लिए कुल डेढ़ लाख करोड़ रु. से ज्यादा के विशेष पैकेजों की शुरूआत की, जिनमें खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय की योजनाएं भी शुरू की गई।

मॉड्यूल के शुभारंभ के अवसर पर केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर। उनके साथ हैं अन्य गणमान्य।

पारस ने कहा कि यह दिन खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों, विशेषकर कृषि उत्पादों के प्रसंस्करण सूक्ष्म उद्यमियों को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, जो कृषि व खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के लिए प्रेरणा का काम करेगा। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय ने व्यक्तिगत सूक्ष्म उद्यमों की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने के उद्देश्य से आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत 29 जून 2020 को प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना शुरू की, जो देश में सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों के उन्नयन के लिए वित्तीय, तकनीकी और व्यावसायिक सहायता प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि पीएमएफएमई योजना के तहत अधिकतम 10 लाख रुपए की सब्सिडी सीमा के साथ सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण इकाई की स्थापना के लिए 35 फीसदी क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी और अधिकतम 3 करोड़ रु पए की सब्सिडी के साथ कॉमन इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए प्रदान किया जाएगा।

सार्वजनिक सूचना

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि Rajinder Oberoi & Raman Oberoi (Sons) & Anita Mago D/o Late Sh. Tek Chand ने जायदाद न. 4684/1 Mochi Mandi अम्बाला छावनी जो की Tek Chand के नाम(occupancy right) के कॉलम में गृहकर रिकार्ड में दर्ज है, अब वसीयत/मृत्यु प्रमाण पत्र/ शपथ पत्र के आधार पर अपने नाम करवाने बारे नगर निगम, अम्बाला, सदर जोन में आवेदन किया है अगर किसी भी व्यक्ति को यह नाम तबदील बारे किसी भी तरह का ऐतराज हो तो 15 दिन के भीतर ऐतराज सहित इस कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस मे प्रस्तुत कर सकता है । अन्यथा नियमानुसार (Occupancy Right) के कालम में नाम बदल दिया जाएगा
सचिव नगर परिषद अम्बाला

नगर निगम रोहतक

सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम रोहतक की कर शाखा के सम्पत्तिकर के रिकार्ड में प्रोपर्टी आई0डी0 नं0 215C605U449 वार्ड नं0 18 राजबीर सिंह पुत्र सूरत सिंह के नाम से दर्ज है, अब नगर निगम के रिकार्ड में इस आई0डी0 नं0 में प्रार्थी जिसका नाम बाला देवी, राजेश कुमार, विकास कुमार अपने नाम तब्दील करवाना चाहते हैं, यदि किसी भी जनसाधारण को इनके नाम तब्दील करने में कोई भी आपत्ति है तो 30 दिन के अंदर-अंदर नगर निगम के कार्यालय में अपनी आपत्ति दर्ज करवाए अन्यथा यह मलकीयत उनके नाम तब्दील कर दी जाएगी, जिसके लिए नगर निगम, रोहतक कोई उत्तरदायी नहीं होगा।
क्रमांकः MCR/ZTO/2022/1582 दिनांकः 20/09/2022
केंद्रीय करदाता अधिकारी, नगर निगम, रोहतक

PUBLIC NOTICE

Reg:- Plot No. 787, Sector 30-B, IMT, Rohtak, under R & R policy dated 07.12.2007.

Plot No. 787, Sector 30-B, IMT, Rohtak, under R & R policy dated 07.12.2007 measuring 153 sq. meters was allotted by the Corporation to Late Sh. Raj Singh S/o Sh. Kawal @ Kanwal Singh, R/o VPO Kheri Sadh, Tehsil Sampla, Distt. Rohtak, vide Regular Letter of Allotment dated 01.03.2016. The Corporation has been informed that the original allottee Sh. Raj Singh S/o Sh. Kawal @ Kanwal Singh had expired on 06.01.2018. The legal heirs of the deceased allotte Sh. Raj Singh S/o Sh. Kawal @ Kanwal Singh namely Smt. Shanti (Mother) have approached the Corporation for transfer of plot of Late Sh. Raj Singh S/o Sh. Kawal @ Kanwal Singh in the plot in question in favour of Smt. Shanti W/o Sh. Kawal @Kanwal Singh in this regard. The Corporation is in process of considering their request & transferring the said plot in favour of Smt. Shanti W/o Sh. Kawal @Kanwal Singh. Through this public notice it is here by informed that any person having reservation /objection to said transfer may file his/ her objection in writing before the undersigned alongwith an affidavit within a period of 30-days from the date of publication of this notice. In case no response is received within the aforesaid period, it will be presumed that no body has any objection to transfer of the said share in the plot and the Corporation shall go ahead with transfer of plot in favour of Smt. Shanti W/o Sh. Kawal @Kanwal Singh.

Estate Manager, For & behalf of
Haryana State Industrial and Infrastructure Dev. Corpn. Ltd., Branch Office Industrial Model Township Rohtak. Ph 01262-287425

आम आदमी पार्टी बनी ही पीने और पिलाने के लिए : विज

● मान ने किया हिंदुस्तान का अपमान : अनिल विज
● जांच रिपोर्ट पर होती है कार्रवाई, मगर हुड्डा झूठे बयान देने में माहिर
● अभय चौटाला जिस माहौल में रहे उन्हें वहीं चारों तरफ नजर आता है

सवेरा न्यूज़/हनी वर्मा

अम्बाला छावनी , 21 सितम्बर : हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि आम आदमी पार्टी बनी ही पीने और पिलाने के लिए है। उन्होंने कहा पंजाब के सीएम ने हिंदुस्तान की छवि को विश्व स्तर पर खराब किया है। विज बुधवार को अम्बाला छावनी के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में आयोजित जनता दरबार में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। पंजाब के सीएम को नशे की हालत में विमान से उतारने के सवाल का जवाब देते हुए विज ने कहा कि आम आदमी पार्टी बनी ही पीने और पिलाने के लिए है। दिल्ली में ही शराब को लेकर इनकी जांच चल रही है। पंजाब में भी जगह-जगह शराब के ठेके खोले गए हैं जिसकी जांच हो रही है। पंजाब

मंत्री अनिल विज

के सीएम ने हिंदुस्तान की छवि को विश्व स्तर पर खराब किया है। उन्होंने कहा हमारे देश के किसी मुख्यमंत्री को पकड़कर एयरलाइन से उतारना पड़े, इससे ज्यादा शर्म की बात और क्या हो सकती है। शिक्षा नीति को लेकर आम आदमी पार्टी द्वारा किए जा रहे प्रदर्शन पर विज ने कहा कि प्रजातंत्र पर विरोध करने का सभी को अधिकार है। मगर, हमारी सरकार जो कर रही है वह लोगों के भले के लिए कर रही है और उनकी जरूरत के अनुसार कर रही है। इनैलो नेता अभय चौटाला द्वारा भाजपा सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाने के सवाल पर विज ने कहा कि अभय चौटाला जिस वातावरण में रहे और रहते हैं, उन्हें चारों तरफ वहीं नजर आता है। उन्होंने दुनिया ही देखी ही ऐसी है, कहावत है कि 'सावन के अंधे को हर जगह हरा-हरा नजर आता है'। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के आरोपों पर विज ने कहा कि जो रिपोर्ट आती है सरकार उसपर कार्रवाई करती है।

सार्वजनिक सूचना

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि 1. Anil Sethi 2. Amit Sethi L/H of Arun kumar Sethi जायदाद नं. 904 Housing Board Colony अम्बाला छावनी जो कि Arun Kumar Sethi के नाम गृहकर रिकार्ड में दर्ज है अवशपथ पत्र प्रमाण पत्र के आधार पर अपने नाम करवाने बारे नगर परिषद अम्बाला सदर जोन में आवेदन किया है अगर किसी भी व्यक्ति को यह नाम तबदील बारे किसी भी तरह का ऐतराज हो तो 15 दिन के भीतर ऐतराज सहित इस कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा नियमानुसा नाम बदल दिया जाएगा
सचिव नगर परिषद अम्बाला

Public Notice

It is informed to General Public that Sh. Dharamender Kumar S/o Vazir Chand R/o House no.466/3, Rampura Mohalla Hansi has lost his previous sale deed no. 644 dated 16.05.2011 in favour of Smt. Pushpa Rani W/o Mahender Singh & sale deed no. 5266 dated 12.03.2007 in favour of Smt. Suresh Rani D/o Narsingh Dass for a Property i.e. a House measuring 65 Sq. Yards bearing House Tax Unit No. (Property ID. No.) 245/23 situated at Bogha Ram Colony (Inside MC Unit Hansi) Hansi, Tehsil Hansi & Distt. Hisar. If any person has objection then file replies along with proof of ownership within 07 days before the undersigned. After lapsation of stipulated period no claim will be accepted regarding the above said property.
(Satish Malik)
Advocate, Hisar

हाउसिंग बोर्ड हरियाणा, पानीपत

सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया है की जानकी देवी पत्नी आत्मा राम मकान नं.2852बी हाउसिंग बोर्ड कालोनी जीन्द की मृत्यु दिनांक 25.09.1995 को हो चुकी है। मकान 2852बी जानकी देवी के नाम है इसके कोई औलाद नही है इसने ऋषिराज कौशिक पुत्र जनार्दन कौशिक को गोदनामा रजि0 नं0.254 सब रजिस्टार दिनांक 25.02.1967 तहसील जीन्द को गोद ले रखा है। कानूनी वारिस ऋषिराज कौशिक पुत्र जनार्दन कौशिक ने मकान की स्वामित्व/ट्रांसफर करने के लिए दस्तावेज प्रस्तुत किये है। इस नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि किसी को इस मकान के स्वामित्व/ट्रांसफर बारे एतराज है तो वह वह अपना दावा ठोस सबूतों सहित इस कार्यालय में 15 दिन के अन्दर-2 फाईल करे। अन्यथा इस मकान ऋषिराज कौशिक पुत्र जनार्दन कौशिक के नाम ट्रांसफर कर दिया जायेगा।
सम्पदा प्रबंधक
हाउसिंग बोर्ड हरियाणा, पानीपत।

मुख्य खरीफ फसलों के उत्पादन के प्रथम अग्रिम अनुमान जारी

खरीफ सीजन में 149.92 मिलियन टन खाद्यान्न उत्पादन का अनुमान

सवेरा न्यूज

नई दिल्ली, 21 सितंबरः कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा 2022-23 के लिए मुख्य खरीफ फसलों के उत्पादन के प्रथम अग्रिम अनुमान जारी कर दिए गए हैं। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि खरीफ सीजन में 149.92 मिलियन टन खाद्यान्न उत्पादन का अनुमान है। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र किसानों की अथक मेहनत, वैज्ञानिकों की कुशलता व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार की किसान हितैषी नीतियों के कारण दिन-प्रतिदिन विकसित हो रहा है।

प्रथम अग्रिम अनुमानों के अनुसार, 2022-23 के दौरान मुख्य खरीफ फसलों के अनुमानित उत्पादन इस प्रकार हैः खाद्यान्न -149.92 मिलियन टन, चावल- 104.99 मिलियन टन, पोषक/मोटे अनाज- 36.56 मिलियन टन, मक्का- 23.10 मिलियन टन(रिकॉर्ड), दलह - 8.37 मिलियन टन,तूर- 3.89 मिलियन टन,तिलहन - 23.57 मिलियन टन,मूंगफली- 8.37 मिलियन टन, सोयाबीन -12.89 मिलियन टन, कपास- 34.19 मिलियन गांठें (प्रति 170 कि. ग्रा.), पटसन एवं मेस्टा- 10.09 मिलियन गांठें (प्रति 180 कि. ग्रा.), गन्ना - 465.05 मिलियन टन(रिकॉर्ड)।

बताया गया कि वर्ष 2022-23 के लिए प्रथम अग्रिम अनुमान (केवल खरीफ) के अनुसार, देश में कुल खाद्यान्न उत्पादन 149.92 मिलियन टन अनुमानित है, जो विगत पांच वर्षों (2016-17 से 2020-21) के औसत खाद्यान्न उत्पादन की तुलना में 6.98 मिलियन टन अधिक है। वर्ष 2022-23 के दौरान खरीफ चावल का कुल उत्पादन 104.99 मिलियन टन अनुमानित है। यह विगत 5 वर्षों (2016-17 से 2020-21) के 100.59 मिलियन टन औसत खरीफ चावल उत्पादन की तुलना में 4.40 मिलियन टन अधिक है।

वर्ष 2022-23के दौरान देश में मक्का का उत्पादन रिकॉर्ड 23.10 मिलियन टन अनुमानित है, जो 21.56 मिलियन टन औसत गन्ना उत्पादन की तुलना में 3.21 मिलियन टन अधिक है। खरीफ पोषक/मोटे अनाज का उत्पादन 36.56 मिलियन टन अनुमानित है, जो 33.64 मिलियन टन औसत उत्पादन की तुलना में 2.92 मिलियन टन अधिक है। वर्ष2022-23के दौरान कुल खरीफ दलहन उत्पाादन 8.37 मिलियन टन अनुमानित है।

वर्ष 2022-23 के दौरान देश में कुल खरीफ तिलहन उत्पादन 23.57 मिलियन टन अनुमानित है, औसत तिलहन उत्पादन की तुलना में 1.74 मिलियन टन अधिक है। वर्ष 2022-23के दौरान देश में गन्ने का उत्पादन रिकॉर्ड 465.05 मिलियन टन अनुमानित है। 2022-23 के दौरान गन्ने का उत्पादन, 373.46 मिलियन टन औसत गन्ना उत्पादन की तुलना में 91.59 मिलियन टन अधिक है।

कपास का उत्पादन 34.19 मिलियन गांठें (प्रति 170 किग्रा की गांठे) तथा पटसन एवं मेस्ता का उत्पादन 10.09 मिलियन गांठें (प्रति 180 किग्रा की गांठे) अनुमानित हैं।

फॉर्म जी
संपूर्ण भारत में विभिन्न स्थानों पर प्लास्टिक उत्पादों और ऑटो कंपोनेंट्स डिवीजनों में संचालित सिनटेक्स-बीएपीएल लिमिटेड के लिए रूचि की अभिव्यक्ति के लिए आमंत्रण
भारतीय दीवाला एवं शोधन अक्षमता बोर्ड (कॉर्पोरेट व्यक्तियों के लिए दीवाला समाधान प्रक्रिया) विनियमन 2016 विनियमन 36ए (1) के तहत

प्रासंगिक विवरण

1.	सीआईएन के साथ कॉर्पोरेट देनदार का नाम	सिंटेक्स-बीएपीएल लिमिटेड यू 25199 जी जे2007 पी एल सी 051364
2.	पंजीकृत कार्यालय का पता	अभिजीत-1, 7वीं तल, मीठाखाली सिक्स रोड्स, एलिसब्रिज, अहमदाबाद, गुजरात-380006
3.	वेबसाइट का यूआरएल	http://www.sintexbapl.co.in/
4.	उस स्थान का विवरण जहां अचल संपत्ति स्थित हैं	भारत में 12 विनिर्माण सुविधाएं हैं: (i) कलोल-पीपी डिवीजन, (ii) उलुवेड़िया - पीपी डिवीजन, (iii) नमक्कल - पीपी डिवीजन, (iv) नालागढ़-पीपी डिवीजन, (v) बुटीबोरी-पीपी डिवीजन, (vi) गुवाहाटी - पीपी डिवीजन, (vii) पुणे-आईसीएम डिवीजन, (viii) सोहना - आईसीएम डिवीजन, (ix) चेन्नई 1-आईसीएम डिवीजन (x) चेन्नई 2-आईसीएम डिवीजन, (xi) पीतमपुरा - आईसीएम डिवीजन, (xii) होसुर - आईसीएम डिवीजन। कॉर्पोरेट देनदार के बारे में और विवरण "टीज़र" में भी उल्लिखित हैं वेबसाइट http://www.sintexbapl.co.in/ पर अपलोड किया गया
5.	मुख्य उत्पादों/सेवाओं की स्थापित क्षमता	**प्लास्टिक उत्पाद डिवीजन** खंड / एमटी में वार्षिक संयंत्र क्षमता (मिक्स एसकेयू) प्लास्टिक अनुभाग (पीएस) 9,360 शीट मोल्डेड कंपाउंड (एसएमसी) 11,232 फाइबर-प्रबलित प्लास्टिक (एफआरपी) 1,200 रोटो मोल्डिंग 32,556 ब्लो मोल्डिंग (बीएमसी) 15,036 कुल 69,384 **भारतीय कस्टम मोल्डिंग (ऑटो) डिवीजन** खंड / एमटी में वार्षिक संयंत्र क्षमता (मिक्स एसकेयू) ब्लो मोल्डिंग 2,699 इंजेक्शन मोल्डिंग 12,628 थर्मासेट्स 174 कुल 15,502 नोट: क्षमता और क्षमता उपयोग की गणना प्रौद्योगिकी, मशीनों, उत्पादों और उत्पाद आकार मिश्रण के आधार पर की जाती है। मिश्रण में कोई भी परिवर्तन, क्षमता और क्षमता उपयोग में परिवर्तन का परिणाम होगा।
6.	पिछले वित्तीय वर्ष में बेचे गए मुख्य उत्पादों/सेवाओं की मात्रा और मूल्य	**प्लास्टिक उत्पाद डिवीजन** वित्तीय वर्ष 22 मुख्य उत्पाद समूह / शुद्ध मात्रा एमटी में / मूल्य (करोड़ रुपये में) पानी की टंकी (रोटो और बीएमसी) 13,346 353 एसएमसी और एफआरपी 3,251 95 **भारतीय कस्टम मोल्डिंग (ऑटो) डिवीजन** वित्तीय वर्ष 22 मुख्य उत्पाद समूह / शुद्ध मात्रा एमटी में / मूल्य (करोड़ रुपये में) इंजेक्शन मोल्डिंग 10,435 227.70 नोट: चूंकि अलग-अलग उत्पाद एसकेयू की माप की अलग-अलग इकाई होती है, इसलिए, उपरोक्त आंतरिक कार्य रूपांतरण कारक के अनुसार कंपनी की टीम के अनुमानों पर आधारित है। नोट: कुल बिक्री में 10% या अधिक योगदान करने वाले उत्पाद पर विचार किया गया है।
7.	कर्मचारियों/कार्मिकों की संख्या	31 अगस्त 2022 के अनुसार डिवीजन / नंबर* प्लास्टिक उत्पाद 1,807 भारतीय कस्टम मोल्डिंग (ऑटो) 1,231 *नोट: कर्मचारियों, स्थायी कामगारों और संविदा कर्मियों
8.	दो वर्षों के अंतिम उपलब्ध वित्तीय विवरण (अनुसूची के साथ), लेनदारों की सूची, प्रक्रिया की बाद की घटनाओं के लिए प्रासंगिक तिथियां सहित अधिक विवरण यहां उपलब्ध है:	http://www.sintexbapl.co.in/ पर CIRP टैब देखें या RP.SintexBAPL@IN.GT.COM पर एक ईमेल भेजें।
9.	संहिता की धारा 25(2)(एच) के तहत समाधान आवेदकों के लिए पात्रता यहां उपलब्ध है:	http://www.sintexbapl.co.in/ पर CIRP टैब के अंतर्गत उपलब्ध रुचि की अभिव्यक्ति (EOI) प्रक्रिया दस्तावेज़ देखें या RP.SintexBAPL@IN.GT.COM पर एक ईमेल भेजें।
10.	रुचि की अभिव्यक्ति प्राप्त करने की अंतिम तिथि	07 अक्टूबर 2022
11.	भावी प्रस्ताव आवेदकों की प्रोवीजनल लिस्ट जारी होने की तिथि	17 अक्टूबर 2022
12.	अंतिम सूची पर आपत्तियां जमा करने की अंतिम तिथि	22 अक्टूबर 2022
13.	ईओआई जमा करने के लिए ईमेल आईडी की प्रक्रिया करें	RP.SintexBAPL@IN.GT.COM

हस्ता/-
आशीष छावछरिया
(आईबीबीआई/आईपीए-001/आईपी-पी00294/2017-18/10538)
सिंटेक्स-बीएपीएल लिमिटेड के लिए समाधान पेशेवर
ई: RP.SintexBAPL@in.gt.com
आईबीबीआई के साथ पंजीकृत:
ग्रांट थॉर्नटन, 10सी हंगरफोर्ड स्ट्रीट, कोलकाता-700017, पश्चिम बंगाल
ई: Ashish.Chhawchharia@in.gt.com
दिनांक: 22 सितंबर, 2022
स्थान: अहमदाबाद

राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

चंडीगढ़, 21 सितंबर (सवेरा ब्यूरो) : भारतीय बाल कल्याण परिषद ने राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार के लिए बहादुर बच्चों के लिए 15 अक्तूबर तक आवेदन आमंत्रित किए हैं। प्रवक्ता ने बताया कि पुरस्कार पाने वाले बच्चों की आयु 06 वर्ष से 18 वर्ष के बीच होनी चाहिए। उन द्वारा बहादुरी का कार्य पहली जुलाई 2021 से 30 सितंबर 2022 तक किया हुआ हो। ऐसे बहादुर बच्चे एवं संस्थान निर्धारित तिथि तक अपने आवेदन भारतीय बाल कल्याण परिषद को सभी निर्धारित नियमों सहित भेजना सुनिश्चित करें। भारतीय बाल कल्याण परिषद द्वारा जोखिम परिस्थितियों में बहादुरी का कार्य करने वाले बहादुर बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। परिषद द्वारा देशभर में 25 बहादुर बच्चों को चार श्रेणी में पुरस्कार दिए जाएंगे। आवेदन प्राप्त करने के बाद परिषद द्वारा गठित कमेटी ऐसे बहादुर बच्चों का पुरस्कार के लिए चयन करेगी। बच्चों को पुरस्कार स्वरूप एक पदक, प्रमाण पत्र और नकद राशि देकर सम्मानित किया जाएगा। नकद राशि के रूप में बहादुर बच्चों को एक लाख रुपये से लेकर 40 हजार रुपये दिए जाएंगे। आवेदन करने वाले प्रार्थियों के लिए स्कूल के प्राचार्य या हैड मास्टर, जिला परिषद या पंचायत के मुखिया, जिलाधीश, पुलिस अधीक्षक या राज्य बाल कल्याण परिषद के प्रधान और महासचिव के अनुशंसा जरूरी है। इसके अलावा अनुशंसा करने वाले अधिकारी या मुखिया द्वारा आवेदक के पूर्ण विवरण की 250 शब्दों में विस्तृत जानकारी होनी चाहिए। आवेदक निर्धारित प्रोफोर्मा में जन्मतिथि, वीरता के लिए छपे न्यूज पेपर या मैगजीन की क्लिपिंग, एफआईआर या पुलिस डायरी की भी जानकारी साझा करे।

हैफेड ने निर्यात को बढ़ावा देने के लिए दूसरे देशों में व्यापार के अवसर तलाशने किए आरंभ

चंडीगढ़, 21 सितंबर (सवेरा ब्यूरो) : हरियाणा सरकार के शीर्ष सहकारी संघ हैफेड ने निर्यात कारोबार को विस्तार देने के लिए दूसरे देशों में भी व्यापार के अवसर तलाशने आरंभ कर दिए हैं, इसमें सफलता मिलनी भी आरंभ हो गई है। हैफेड के प्रबंध निदेशक ए श्रीनिवास ने बताया कि हैफेड द्वारा अपनी गतिविधियों में विविधता लाना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में हैफेड सऊदी अरब में 20000 मीट्रिक टन चावल, जिसकी कीमत 21.95 मिलियन अमरीकी डालर होगी, के निर्यात का ऑर्डर मिला है।

उन्होंने बताया कि हैफेड ने 10 सितंबर को बासमती चावल की अपनी पहली खेप 2500 मीट्रिक टन की सफलतापूर्वक आपूर्ति कर दी है। शेष मात्रा सितंबर के अंतिम सप्ताह में भेजे जाने की संभावना है। विदेशों में चावल के निर्यात के उद्देश्य से हैफेड ने राज्य के किसानों से बासमती चावल के विभिन्न प्रकारों के 20000 मीट्रिक टन से अधिक धान की बाजार दर पर खरीद की है। प्रबंध निदेशक ने बताया कि हैफेड ने बुनियादी ढांचे में वृद्धि पर भी जोर दिया है और कई परियोजनाएं शुरू की हैं। हैफेड ने मौजूदा प्रसंस्करण इकाइयों का विस्तार और आधुनिकीकरण और नए संयंत्रों की स्थापना करना आरंभ किया है। हैफेड के अध्यक्ष कैलाश भगत ने सऊदी अरब को चावल निर्यात के सफल शिपमेंट के लिए हैफेड के अधिकारियों और अधिकारियों द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की है।

PUBLIC NOTICE

It hereby informs to general public that Ashok Kumar S/o Sh. Barkat Ram R/o Rania Tehsil Rania Distt Sirsa is owner of a shop measuring 1 marla 1 sarsai situated at Nanuana Road Rania Tehsil Rania Distt Sirsa vide Transfer deed no.4034 dated 30-03-2017 duly registered at Sub Registrar Rania. He has informed that he has lost his previous original Transfer deed no.5453 dated 19-03-2015 somewhere. If found please contact within 14 days to the undersigned from the date of this public notice. (Manjit Singh Sethi, Advocate, 9812119593)

कार्यालय नायब तहसीलदार एवं संयुक्त सब-रजिस्ट्रार समालखा जिला पानीपत।

करतार सिंह बनाम आम जनता सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे कार्यालय में मृतक सावित्री पुत्री किशना निवासी गांव देहरा तहसील समालखा जिला पानीपत की एक वसीयत उसकी मृत्यु के पश्चात पंजीकृत करने के लिए करतार सिंह पुत्र किशना निवासी गांव देहरा तहसील समालखा जिला पानीपत ने पेश की है। मृतक सावित्री पुत्री किशना ने यह वसीयतनामा करतार सिंह के हक मे तहरीर दिनांक 04.05.2022 को कराई है। सावित्री पुत्री किशना की मृत्यु दिनांक 14.05.2022 को हो चुकी है। अतः इस प्रकाशन द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि अगर वसीयत तहरीर शुदा किसी की भी आपको किसी प्रकार की आपत्ति है तो वह इस प्रकाशन के 45 दिन के अन्दर-2 इस कार्यालय में असालतन या वकालतन अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। बाद गुजरने म्याद कोई सुनवाई नही होगी।
आज दिनांक 16/09/2022 को मेरे हस्ताक्षर व कार्यालय मोहर से जारी किया गया है।
संयुक्त सब रजिस्ट्रार, समालखा।

प्रथम राज्य स्तरीय गुरुकुलीय क्रीड़ा प्रतियोगिताओं 23 को

चंडीगढ़, 21 सितंबर (सवेरा ब्यूरो) : हरियाणा संस्कृत अकादमी द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में हरियाणा वीर शहीदी दिवस पर प्रदेश में पहली बार गुरुकुलीय क्रीड़ा प्रतियोगिताओं का आयोजन 23 व 24 सितंबर को महर्षि कात्यायन शिवालिक गुरुकुल अलियासपुर अंबाला में होगा। सरकार के प्रधान सचिव एवं हरियाणा संस्कृत अकादमी के कार्यकारी उपाध्यक्ष अनुराग अग्रवाल उद्घाटन करेंगे।

उत्तर रेलवे
ई-निविदा सूचना
संख्याः एस.डब्ल्यू/सिग/अम्बाला/एन.आई.टी.-04/2022-23 दिनांक 21.09.2022

| क्र. सं. | निविदा संख्या | कार्य का विवरण | निविदा खुलने की तिथि तथा समय | अनुमानित लागत रुपये | धरोहर राशि रुपये | कार्य पूरा करने